भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

<u>एलआईसी ऑफ इंडिया ने की एलआईसी की सरल पेंशन (वार्षिकी योजना) की शुरूआत</u>

भारतीय जीवन बीमा निगम ने 1 जुलाई, 2021 से एलआईसी सरल पेंशन योजना शुरू की है जो एक नान-लिंक्ड, अप्रतिभागी, एकल प्रीमियम, व्यक्तिगत तत्काल वार्षिकी योजना है ।

यह भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) के दिशानिर्देशों के अनुसार एक मानक तत्काल वार्षिकी योजना है, जो सभी जीवन बीमाकर्ताओं के लिए समान नियम और शर्तें प्रदान करती है।

पॉलिसीधारक के पास एकमुश्त राशि के भुगतान पर दो उपलब्ध विकल्पों में से वार्षिकी का प्रकार चुनने का विकल्प है।

विकल्प 1: आजीवन वार्षिकी क्रय मूल्य के 100% की वापसी के साथ।

विकल्प 2: अंतिम उत्तरजीवी की मृत्यु पर क्रय मूल्य के 100% की वापसी के साथ संयुक्त जीवन अंतिम उत्तरजीवी वार्षिकी।

पॉलिसी की शुरुआत में वार्षिकी दरों की गारंटी दी जाती है और वार्षिकियां वार्षिकी के पूरे जीवन काल में देय होती हैं।

इस प्लान को ऑफलाइन के साथ निगम की वेबसाइट www.licindia.in के माध्यम से सीधे ऑनलाइन भी खरीदा जा सकता है।

We believe that the news contained in this release is of value to your readers. While we would thank you to publish it as soon as possible, We also readily recognize that the decision to do so rests entirely with you.

न्यूनतम वार्षिकी 12,000 रुपये प्रति वर्ष है। न्यूनतम क्रय मूल्य वार्षिकी माध्यम, चुने गए विकल्प और वार्षिकीधारक की आयु पर निर्भर करेगा। अधिकतम क्रय मूल्य की कोई सीमा नहीं है। उपलब्ध वार्षिकी के माध्यम वार्षिक, अर्धवार्षिक, त्रैमासिक और मासिक हैं। 5,00,000/- रुपये से अधिक के क्रय मूल्य के लिए प्रोत्साहन वार्षिकी दर में वृद्धि के माध्यम से उपलब्ध है। यह योजना 40 वर्ष से 80 वर्ष की आयु के लिए उपलब्ध है।

पॉलिसी शुरू होने की तारीख से छह महीने के बाद किसी भी समय ऋण उपलब्ध होगा।

1 जुलाई, 2021 को मुंबई में दिनांकित

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (सीसी)

भारतीय जीवन बीमा निगम , केंद्रीय कार्यालय, मुंबई ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com

www.licindia.in पर विजिट करें

We believe that the news contained in this release is of value to your readers. While we would thank you to publish it as soon as possible, We also readily recognize that the decision to do so rests entirely with you.